
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
जनपदस्तरीय
राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्र




जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
उत्तराखण्ड शासन
जनपदस्तरीय
राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम
अपनी


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
जनपदस्तरीय



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
जनपदस्तरीय
शिक्षा कार्यक्रम
2025


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
उत्तराखण्ड शासन
जनपदस्तरीय
शिक्षा कार्यक्रम
2025
DIET.BKT ②
T.E./IFIC/2024-25



# भारत-पाक युद्ध के 54वीं वर्ष गांठ पर शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि





**उत्तरकाशी।** जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारत-पाक युद्ध के 54 वी वर्ष गांठ पर शहीद गार्डसमैन सुंदर सिंह के चित्र पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मंगलवार को विजय दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित शौर्य स्थल ज्ञानसू में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक जनक पंवार , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस.रावत सहित अन्य अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने भारत-पाक युद्ध के शहीद गार्डसमैन सुंदर सिंह के चित्र पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज राइफल्स, आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस तथा एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा शहीदों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। समारोह में भारत-पाक युद्ध शहीद गार्डसमैन सुंदर सिंह की धर्मपत्नी वीरनारी श्रीमती अमरा देवी को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि यह पावन दिन है, जब 1971 के युद्ध में हमारे देश की सेनाओं ने अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। यह विजय न केवल एक सैन्य जीत थी, बल्कि यह सत्य, न्याय और मानवीय मूल्यों की भी जीत थी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना द्वारा प्रदर्शित अदम्य पराक्रम की सराहना की और सर्वोच्च बलिदान देने करने वाले वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सम्प्रभुता और एकता बनाये रखने के लिए हमें अपने सशस्त्र बलों का सम्मान करना चाहिए और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों के पराक्रम और बलिदान के कारण हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित बनी हुई हैं। देश हमेशा से इन जांबाज योद्धाओं का ऋणी रहेगा। इस अवसर पर विश्वनाथ पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह नेगी,संरक्षक विश्वनाथ पूर्व सैनिक कल्याण समिति मेजर (रि) आरएस जमनाल, सहायक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सूबेदार महावीर सिंह राणा सहित विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी एवं पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप सिंह मटूड़ा ने किया।

## वर्षवार भर्ती प्रक्रिया संचालित किए जाने की मांग को लेकर नर्सिंग एकता मंच का धरना जारी

**देहरादून।** अपनी वर्षवार भर्ती प्रक्रिया संचालित किए जाने सहित लंबित मांगों को लेकर नर्सिंग एकता मंच का धरना आज लगातार बारहवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान उन्होंने सरकार व विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं अब तक सरकार की ओर से कोई भी प्रतिनिधि मंच पर वार्ता के लिए नहीं पहुंचा है, जिससे नर्सिंग बेरोजगारों में नाराजगी देखी जा रही है। वहीं सरकार की चुप्पी से आक्रोश बढ़ता दिखाई दे रहा है। यहां सहस्त्रधारा रोड स्थित एकता विहार में धरने को संबोधित करते हुए नर्सिंग एकता मंच के अध्यक्ष नवल पुंडीर ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं देती तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नर्सिंग कर्मियों की जायज मांगों की अनदेखी किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि धरने में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों नर्सिंग बेरोजगारों ने सहभागिता की और सरकार से शीघ्र वार्ता कर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। नर्सिंग एकता मंच के कुछ सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात की और भर्ती में अनियमितताओं की शिकायत की। इस अवसर पर नर्सिंग बेरोजगार के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता में के.जी.बी.वी.गंगनाणी और जीजीआईसी पुरोला का रहा दबदबा

## डायट बड़कोट में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा जनपद स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न




**उत्तरकाशी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम 2025 की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आयी टीमों ने प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या शिक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है, इसके अंतर्गत जनपद स्तर पर लोकनृत्य, रोलप्ले, ड्राइंग एवं समूह चर्चा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लोकनृत्य में के. जी.बी. वी. , गंगनाणी ने प्रथम, जीजीआईसी पुरोला ने द्वितीय एवं जीआईसी बड़ेथी, धरासू ने तृतीय स्थान, रोलप्ले प्रतियोगिता में केजीबीवी, गंगनाणी ने प्रथम, जीजीआईसी, पुरोला ने द्वितीय एवं जीआईसी, बड़ेथी, धरासू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, ड्राइंग में जीआईसी , बड़ेथी, धरासू प्रथम स्थान पर रहा तथा समूह चर्चा में जीजीआईसी, पुरोला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक शान्ति रतूड़ी ने संस्थान के समस्त डी. एल. एड. प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय जनसंख्या कार्यक्रम के विभिन्न विषयों पर अभिमुखीकरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विकासखंड से आये मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ ही संस्थान के संकाय सदस्य डॉ सुबोध सिंह बिष्ट, बबीता सजवाण, ऋचा उनियाल एवं गोपाल राणा मौजूद रहे ।